हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 5 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

10 शिविर का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना: वीरेंद्र


10 उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए मिट्टी की जांच करवाएं


## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

**जींद।** गांव भंभेवा के निकट जींद-गोहाना ग्रीन फील्ड नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। खानपुर निवासी जोगेंद्र बुधवार को बाइक पर सवार होकर ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर जींद से गोहाना की तरफ जा रहा था।

### वृद्धाश्रम-बाल उपवन का औचक निरीक्षण किया

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला ने बुधवार को कमेटी चौक स्थित वृद्धाश्रम और बाल उपवन सनातन धर्म मंदिर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर उनके खाने पीने और साफ सफाई के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहां मौजूद वृद्धजनों और बच्चों से उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की।

### पिस्तौल- जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव खरकरामजी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव खरकरामजी के रजबाहे पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला की देखरेख में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने जानकारी दी।

### अधिवक्ता दंपती से मारपीट,मामला दर्ज

**जींद।** रामनगर कालोनी नरवाना अधिवक्ता दंपती के साथ मारपीट करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर निवासी गजे सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसकी पत्नी कृष्णा नरवाना में अधिवक्ता है।

### ट्रक चोरी के मामले में भगौड़ा आरोपी दबोचा

**कैथल।** ट्रक चोरी मामले में पुलिस ने भगौड़ा आरोपी गिरफ्तार किया है। इस मामले में भगौड़ा पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की टीम ने वर्ष 2018 दौरान के ट्रक चोरी मामले में उद्घघोषित अपराधी अंबा कॉलोनी चीका निवासी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 16 नवंबर 2018 की रात न्यू करनाल रोड़ कैथल से एक ट्रक चोरी करने का आरोप है।

### गांव रामनगर में युवक पर फायर, बाल-बाल बचा

**जींद।** गांव रामनगर खेत में ज्वार लेने गए युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने फायर कर दिया। जिसमें युवक बाल-बाल बच गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### आरोपित के कब्जे से दो चोरीशुदा बाइक बरामद

**कैथल।** चौकी महमूदपुर पुलिस ने रिमांड दौरान पूछताछ में आरोपी के कब्जे से दो चोरीशुदा बाइक बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई राजेश की टीम ने समाना पंजाब निवासी आरोपी चाहत सिंह को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन का पुलिस रिमांड लिया था।

## नहरी पटरी से जाते समय बाइक का ईंट से टॉयर फिसलने से हादसा

# गांव काकड़ौद के निकट बाइक सहित नहर में गिरे दो युवक, एक को बचाया

### तलाशी के लिए नहर में किश्ती तथा गोताखोर उतारे, अभियान जारी

चार दिन पहले डूबे व्यक्ति का शव हिसार जिले में बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

काकड़ौद के निकट बरवाला ब्रांच में एक युवक डूब गया। जबकि दूसरे को लोगों ने बचा लिया। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर नहर पटरी से जा रहे थे। टायर ईंट पर आने के कारण बाइक फिसल गया और दो युवक नहर गिर गए थे। डूबे युवक को गोताखोर तथा परिजन नहर में तलाश रहे हैं। वहीं चार दिन पहले नहर में डूबे युवक का शव गांव मांडा हिसार के निकट बरामद हुआ है। उचाना थाना पुलिस मामलो की जांच कर रही है।

गांव काकडौद निवासी साहिल (23) तथा गांव कुचराना खुर्द निवासी अंकित (19) गांव के निकट से गुजर रही बरवाला ब्रांच नहर पटरी से बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। उसी दौरान उनकी बाइक ईंट पर टायर आने के कारण फिसल गई। जिसमें दोनों बरवाला ब्रांच नहर में जा गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने साहिल को निकाल लिया, जबकि अंकित नहर में डूब गया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस तथा परिजन नहर पर पहुंच गए और तलाशी अभियान चलाया। सुराग न लगने पर किश्ती के साथ गोताखोरों को नहर में उतारा गया है। जिसमें ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं।



जींद। नहर में सर्च अभियान चलाए हुए। फोटो :हरिभूमि

मोबाइल भूले तो वापसी के दौरान हुई घटनाः अंकित तथा साहिल नहर में नहाने के बाद घर की तरफ चले गए थे। नहाते समय अंकित अपना मोबाइल फोन नहर पर भूल गया। फोन को उठाने के लिए बाइक पर दोनों नहर पटरी से जा रहे थे कि टायर के नीचे र्इंट आ गई और दोनों नहर में जा गिरे। जिसमें अकित नहर मे डूब गया, जबकि साहिल को लोगो ने बचा लिया।

नहर में उतारे गोताखोर तथा किश्ती, तलाशी जारीः बरवाला ब्रांच नहर में डूबे अंकित को ढूंढने के लिए किश्ती के साथ गोताखोर उतारे गए हैं। जिसमें ग्रामीण भी चैन बना कर नहर मे उतरे हुए हैं। लगभग पांच किलोमीटर तक नहर को खगांला गया लेकिन अंकित का सुराग नही लगा। अंकित ने अभी हाल ही में 12वीं की परीक्षा पास की थी। जो अपने मामा के यहां पर गांव काकडौद आया हुआ था।

**चार दिन पहले डूबे व्यक्ति का शव मिला**

गांव काकडौद के निकट बरवाला ब्रांच नहर में नहाते समय डूबे कमल (50) का शव गांव मांडा हिसार के निकट बुधवार को बरामद हो गया है। कमल के शव की बरामदगी को लेकर पुलिस तथा परिजन तलाशी के बाद नहर पर नजर बनाए हुए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए हिसार ले जाया गया है। उचाना चौकी प्रभारी राजबीर ने बताया कि नहर में डूबे युवक की तलाशी के लिए गोताखोर लगे हुए हैं। जबकि चार दिन पहले डूबे व्यक्ति का शव हिसार जिले मे बरामद हुआ है। उचाना थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद है।



कैथल। चौकी रामथली पुलिस गिरफ्त में दोनों नशा तस्कर। फोटो :हरिभूमि

## एक किलो 0.45 ग्राम गांजा सहित 2 नशा तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एक तरफ जहां पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा आमजन को नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत चौकी रामथली पुलिस द्वारा खरकां क्षेत्र से दो नशा तस्करों को 1 किलो 0.45 ग्राम गांजा सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान चक्कु लदाना मोड़ के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि कुछ देर में एक बाइक पर सवार 2 व्यक्ति खरकां से रजबाहा पटरी होते थेह खरक के रास्ते कक्हेड़ी गांव में जाएंगे। जो दोनों के पास नशीला पदार्थ गांजा है। जिन्हे रजबाहा की पटरी पर नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते थेह खरक रोड़ से खरकां की तरफ जाने वाले रजबाहे की पटरी पर नाकाबंदी की । कुछ समय बाद बाइक पर आए दो व्यक्तियों द्वारा पुलिस को देखकर बाइक वापस घुमाने लगे, जिन्हे सतर्क पुलिस टीम ने काबू कर लिया गया। बाइक सवार दोनों व्यक्तियों की पहचान कक्हेड़ी निवासी संजय तथा वार्ड नं. 5 चीका निवासी अहमद खान के रूप में हुई। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंची ईटीओ कैथल कंचन पांडे के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपियों के कब्जे में एक थैली से 1 किलो 0.45 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनो आरोपियों के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर आरोपितों को पीएसआई पंकज द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

## कारागार में हवालाती भिड़े, एक घायल

### चम्मच को पैना कर किया हथियार के तौर प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- घायल-आरोपित हवालाती हत्या समेत अन्य मामलों में जेल मे बंद

जिला कारागार में बुधवार को आपसी खुन्नस के चलते कुछ हवालातियों ने एक हवालाती के साथ मारपीट की और चमच से वार कर घायल कर दिया। घायल हवालाती को नागरिक अस्पताल मे भरती करवाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला कारागार में हत्या के मामले में बंद हवालाती गांव काब्रछा निवासी विनय को घायल हालात में बुधवार दोपहर बाद उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। छानबीन के दौरान सामने आया कि काब्रछा निवासी विनय को बैरक नंबर 12 में रखा था। जबकि बैरक नंबर 14 में हत्या समेत अन्य अपराधिक मामलों में जींद निवासी सागर, शुभम उर्फ अडा व अन्य से खुन्नस चली आ रही थी। सूत्रों के अनुसार कैंटीन में आने जाने के दौरान आपस में कामेंट्स कसते थे। मामला यहां पर वार्चस्व का बना हुआ था। बुधवार दोपहर को सागर तथा उसकी बैरक के कुछ बदमाशों ने विनय के साथ मारपीट करते हुए हथियार के तौर पर पैनी की चम्मच की हैंडल से उसकी गर्दन व सांथल पर वार किए। हवालातियों में मारपीट होते देख जेल सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे व घायल हवालाती विनय को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जेल में मुलाकात के बहाने कपड़ों में छुपा संदिग्ध पाउडर सौंपा

### पुलिस ने हवालाती समेत दो के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

- हवालाती से भांजा के नाम पर मुलाकात करने पहुंचा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला कारागार में हवालाती को मुलाकात के दौरान कपडों में छुपा कर संदिग्ध पुडिय़ा बंद सफेद पाउडर थमाए जाने का मामला सामने आया है। मुलाकात करने वाले युवक भी दूसरे युवक के नाम पर मुलाकात कर रहा था। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने हवालाती तथा पुडिया देने वाले युवक के खिलाफ परिजनर एक्ट, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेल उपाधीक्षक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव लिजवाना कलां निवासी कुलदीप हत्या के मामले में जेल मे विचाराधीन बंदी है। गत दिवस रोहतक निवासी अनुज बंदी कुलदीप से मुलाकात करने आया हुआ था। उसने बंदी कुलदीप का भांजा लगता है। उसने मुलाकात के दौरान कुछ कपड़े दिए। डयूटीरत वार्डन को कपडों में संदेह हुआ। जब वार्डन ने कपड़े लेकर दोनों लोअर की बैल्ट को उधेड़ा तो उनमें संदिग्ध सफेद रंग पाउडर की दो पुडिय़ा मिली। एक पुडिय़ा का वजन 5.51 जबकि दूसरी का वजन 6.09 ग्राम पाया । मुलाकात करने आए युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने नाम लिजवाना खुर्द निवासी लक्की बताया। जब लक्की ने फोनिक्स सिस्टम में अपना नाम रोहतक निवासी अनुज लिखवाया हुआ था।

**मामले की जांच जारी**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर हवालाती कुलदीप तथा मुलाकात करने आए लक्की के खिलाफ धोखाधड़ी, परिजनर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी सचिन ने बताया कि जेल उपाधीक्षक ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल बंदी तथा मुलाकाती के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## रिवार्ड प्वाइंट का लालच देकर ठगी के मामले में आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



साइबर थाना की पुलिस ने रिवार्ड प्वाइंट का लालच देकर 50 हजार ठगने के मामले में आरोपी को काबू किया है। इस मामले में थाना साइबर क्राइम के एएसआई विनोद की टीम ने जांच करते आरोपी चौधरीवास जिला हिसार निवासी आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी विवेक की शिकायत दी थी कि 31 दिसंबर को उसके पास एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। उसमें अंग्रेजी में लिखा था कि आपके एसबीआई के 13 हजार 679 रिवार्ड प्वाइंट इकट्ठे हुए हैं, जिनको निकालने की आज आखिरी तारीख है और साथ में लिंक था। जब उसने उस लिंक पर क्लिक किया तो एसबीआई की साइट खुल गई। इसमें नेट बैंकिंग के लिए आईडी और पासवर्ड मांगे जो उसने भर दिए।

## प्यार में धोखा-आरोपित द्वारा तंग किए जाने से खफा महिला ने खुदकुशी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- पुलिस ने 4 के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजूबर करने का मामला दर्ज किया

नरवाना में महिला बैंक कर्मी द्वारा प्यार में धोखा मिलने तथा परेशान किए जाने से खफा होकर एक माह पहले की गई आत्महत्या के मामले मे शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजूबर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी बैंक में कार्य करती थी। गांव रशौली पंजाब निवासी लखविंद्र बैंक मे आता-जाता था। आरोपित ने उसकी बेटी को झांसे में फांस लिया। जिसके बाद आरोपित ने शादी का झांसा देकर उसकी बेटी के साथ अवैध संबंध स्थापित कर लिए। कुछ दिनों के बाद उसकी बेटी को लखविंद्र के शादीशुदा होने के बारे में पता चल गया। जिसकी शिकायत शहर थाना नरवाना में शिकायत दी। लखविंद्र के परिजनों ने माफी मांगते आगे दोनों के बातचीत न करने तथा आगे तंग न करने की बात कही और समझौता हो गया। जिसके बाद लखविंद्र तथा उसके परिजनों ने उसकी बेटी को तंग करना शुरू कर दिया। बलविंद्र की पत्नी कीर्ति ने उसकी बेटी के खिलाफ झूठी शिकायत दी थी। जब उसकी बेटी ने आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी तो आरोपित उस पर दबाव बनाने के साथ धमकी देने लगे। जिससे परेशान हो कर उसकी बेटी ने खफा होकर गत 29 अप्रैल को आत्महत्या कर ली थी। महिला ने आरोप लगाया कि शारीरिक तथा मानसिक परेशान करने के कारण उसकी बेटी ने आत्महत्या की है।



जींद। मामलो की सुनवाई करते सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

### सीजेएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका के समक्ष 10 मामले विचाराधीन रखे गए। इनमें से छह मुकद्मों को अंडरगोन किया गया। यदि विचाराधीन बंदियों पर और कोई मामला लंबित नही है तो ऐसे ठह बंदियों को रिहा करने के आदेश पारित किए गए। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत प्रत्येक माह दो बार आयोजित की जाती है। प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों व हवालातियों से उनके मामलों में आ रही समस्याएं सुनी और समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त सीजेएम ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी के लिए वकील की आवश्यकता है तो वे प्राधिकरण के अधीन निशुल्क वकील की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए लिखित दरखास्त जेल प्रशासन या न्याय रक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में भेजी जा सकती है।

**कार्यक्रम** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में समर कैंप जारी

# विद्यार्थियों ने सीखे मनोरंजन के साथ विज्ञान कला, तकनीक और जीवन कौशल का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन का आयोजन आज अत्यंत उल्लासपूर्ण और शिक्षाप्रद रहा। बच्चों के लिए यह दिन रचनात्मकता, विज्ञान, खेलकूद, कला और आत्मविश्वास को निखारने वाला अनुभव रहा। दिन की शुरुआत जोशभरे खेलों और डांस अभ्यास के साथ हुई।



चुंबकीय विज्ञान के प्रयोगों और पब्लिक स्पीकिंग जैसी बौद्धिक गतिविधियों के साथ प्रातःकालीन सत्र में छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। जिनमें दौड़, बाधा दौड़, रस्साकशी, लक्ष्य अभ्यास और टीम बिल्डिंग गेम्स सम्मिलित थे। इन खेलों का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक स्फूर्ति के साथ-साथ टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक सोच को विकसित करना था। खेलों के बाद बच्चों ने संगीत की धुन पर समूह नृत्य का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न नृत्य शैलियों जैसे फॉक, बॉलीवुड और हिपहॉप की मूलभूत तकनीकें सिखाईं। यह गतिविधि बच्चों में आत्मविश्वास और मंच प्रदर्शन क्षमता को बढ़ावा देने वाली रही। छात्रों ने बिना आग के भोजन बनाने की कला सीखी।

**आत्मविकास का अद्भुत संगम**

इस दौरान बच्चों को चुंबक के प्रकार, उसके गुण और दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में बताया गया। वहीं शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रेरणा, मार्गदर्शन और सकारात्मक ऊर्जा दी। स्कूल प्रशासक वीपी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि स्कूल का यह ग्रीष्मकालीन शिविर न केवल मनोरंजन बल्कि ज्ञान, विज्ञान और आत्मविकास का अद्भुत संगम बन गया है। तीसरे दिन की गतिविधियों ने यह सिद्ध किया कि यदि बच्चों को सही मंच, माहौल और मार्गदर्शन मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना के तीन दिन बाद घायल की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सड़क दुर्घटना के तीन दिन बाद घायल भूना निवासी बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में एक बाइक चालक ने साइकिल पर जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मारी थी। अब इस संबंध में मृतक के बेटे ने सीवन थाना की पुलिस को शिकायत दी है। सीवन थाना में दी गई शिकायत में भूना गांव निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह एक चालक है। वे दो भाई व दो बहन हैं और सभी शादीशुदा हैं। 31 मई को वह गांव की मुख्य सड़क पर शाम को घूमने के लिए गया हुआ था और उसका पिता मदन लाल अपनी साइकिल पर सवार होकर गांव से खेतों में अगौंध रोड की तरफ जा रहा था। उन्होंने कहा कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक बाइक ड्राइवर तेजगति से चलाते हुआ अगोंध की तरफ से आया। देखते देखते उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिस पर उसका पिता साइकिल सहित सड़क पर गिर गया और गिरते ही बेहोश हो गया था। बाइक चालक ने पूछने पर अपना नाम गुरदेव सिंह निवासी थेह नेवल बताया। वे उसके पिता को कार में लेकर कैथल एक प्राइवेट अस्पताल में गए। तीन जून को उनकी मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या ने बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय सफीदों द्वारा 12 जून को सुबह 10 बजे राजकीय आईटीआई खेड़ा खेमावती में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर करनाल बारहवीं पास महिला द्वारा वेलनेस एडवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए आयु 18-25 वर्ष होनी चाहिए एवं नव भारत बायो फर्टिलाइजर सोनीपत द्वारा फील्ड ऑफिसर 12वीं पास के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### रा.स्कूल में होगी नृत्य लोक गायन कार्यशाला

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के बैनर तले एक 15 दिवसीय लोक नृत्य व लोक गायन की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से मुख्य प्रशिक्षक रितु शर्मा 80 बच्चे को लोक नृत्य व लोक गायन का प्रशिक्षण देंगे। निदेशक मोहम्मद फुरकान खान ने बताया की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चो को हरियाणा की लोक कला संस्कृति से रूबरू करवाना है।

### किसानों के खेतो से बिजली केबल चोरी

**जींद।** गांव बहादुरपुर खेतों में बीती रात चोरों ने 14 किसानों के ट्यूबवैलों से कीमती केबल चोरी कर ली। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहादुरपुर निवासी हरभजन समेत 14 किसानों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उनके खेतो से सबर्सिबल ट्यूबवैलों से कीमती केबलों को चोरी कर लिया।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह वार्षिक पुरस्कार व्यक्तियों एवं संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने एवं सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा प्रतिवर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर की जाती है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक

**जींद।** कृषि विभाग के प्रशिक्षण संस्थान हमेटी के निदेशक डा. कर्मचंद ने हमेटी में फ सलों में समन्वित पौषक तत्व प्रबंधन पर प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है। आधुनिकता की दौड़ में बढ़ती जा रही लापरवाही से पर्यावरण को बहुत बड़ा खतरा पैदा होता जा रहा है। बढ़ते औद्योगिकरण और यातायात के साधनों, घटते हुए जंगल व पेड़ व पौधे, कृषि में हो रहे रसायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग ने पर्यावरण संरक्षण में बहुत सारी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

### बीस लाख की लागत से बन रही लाइब्रेरी

**जींद।** नगर पालिका उचाना चेयरमैन विकास काला ने बताया कि नगर पालिका उचाना परिसर में करीब 20 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी का निर्माण हो रहा है। लड़के, लड़कियों के लिए अलग-अलग लाइब्रेरी बन रही है। प्रथम फ्लोर पर लड़कों के लिए लाइब्रेरी बन रही है तो नगर पालिका के कमरों के साथ लगते हाल कमरे में लड़कियों के लिए लाइब्रेरी का निर्माण हो रहा है। दो सप्ताह तक कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1142 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता बदन सिंह डाबी टेक सिंह ने की। मा.बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते बताया कि सरकार की नीतियों पर नजर अवश्य रखना चाहिए।

### नगराधीश ने सीपीग्राम पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की

# रीओपन शिकायतों की एटीआर अपलोड करें और उचित प्रक्रिया से निपटाएं : डॉ. देशवाल

## शिकायतों का हो स्थायी और गुणवत्तापूर्ण समाधान : डा. आशीष देशवाल

**प्रशासनिक पारदर्शिता व उत्तरदायित्व पर जोर, 15 दिन में हो हर शिकायत का समाधान**

हरिभूमि न्यूज. जींद



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते सीटीएम। फोटो :हरिभूमि

नगराधीश डा. आशीष देशवाल की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो, जन संवाद, एसएमजीटी तथा सीपीग्राम पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि सभी जनशिकायत पोर्टलों पर लंबित शिकायतों का निपटान सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए और समाधान गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। कहा कि जनशिकायत निवारण तंत्र सीधे जनता की अपेक्षाओं और विश्वास से जुड़ा होता है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। इससे पूर्व हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रवि प्रकाश गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी नगराधीशों को संबोधित करते जन शिकायत पोर्टलों के सुचारु संचालन, पारदर्शिता और समयबद्ध निपटान को लेकर दिशा-निर्देश दिए। नगराधीश डॉ. आशीष ने कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर और जिम्मेदार रहें। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो शिकायतें पहले ही निपटाई जा चुकी हैं और पुनः खोली गई हैंद्ध उनकी कार्रवाई रिपोर्ट तुरंत पोर्टल पर अपलोड की जाए और नियमानुसार प्रक्रिया अपना कर उन्हें अस्वीकृत करते हुए पोर्टल से हटाया जाए। जिससे लंबित आंकड़ों में कृत्रिम वृद्धि न हो। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी हैं जो बार-बार दोहराई जा रही हैंद्ध जिससे कुल लंबित शिकायतों की संख्या अधिक प्रतीत हो रही है। इसलिए इन पुनरावृत्त हो रही शिकायतों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि वास्तविक लंबित मामलों की संख्या और पेंडेंसी सही रूप में प्रदर्शित हो। डॉ आशीष देशवाल ने सभी विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों के समाधान को लेकर व्यक्तिगत रुचि लें और उनका शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। कहा कि कोई भी शिकायत अवधि पार (ओवरड्यू) नहीं होनी चाहिए। विशेष रूप से दो वर्ष से अधिक पुरानी शिकायतों को नियमानुसार बाइंडअप करते हुए निपटाया जाए। नागराधीश ने सभी विभागाध्यक्ष से कहा कि वे अपने कार्य में गति, पारदर्शिता और रचनात्मकता लाएं। हर शिकायत का स्थायी और दीर्घकालीन समाधान हो ताकि वही समस्या बार-बार उत्पन्न न हो। इसके लिए सभी शिकायतों का निपटान 15 दिनों की समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन समाधान प्रणाली डे टू डे निपटान सिस्टम विकसित की जाए। जिसमें पुरानी शिकायतों को प्राथमिकता दी जाए और प्रत्येक प्रकरण की कार्रवाई रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाए। डा. देशवाल ने कहा कि केवल शिकायत निपटाना पर्याप्त नही बल्कि उसका स्थायी समाधान भी आवश्यक है। प्रकार की कार्यप्रणाली से प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नागरिकों का विश्वास सुदृढ़ होगा। दौरान सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनानाः वीरेंद्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिविर में योग करते हुए साधक।

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में वेद प्रचार सभा द्वारा तीन जून से 10 जून तक चरित्र निर्माण एवं योग आसन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 100 बच्चे भाग ले रहे हैं। शिविर के संयोजक वीरेंद्र आर्य ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर के अंदर योग के साथ-साथ रस्सा, मलखंभ, चाकू चलाना, तलवार चलाना, लाठी चलाना, जूडो कराटे, प्वायंट दंड बैठक, मलखान आदि का व्यायाम सिखाया जाएगा। योगिनी प्रीति ने बताया कि आज के समय पर टीवी को लोगों ने देखना बंद कर दिया है। आजकल लोग मोबाइल के कारण वातावरण दूषित हो रहा है। साथ ही साथ विचार भी दूषित हो रहे हैं। मोबाइल चलाने के कारण युवा पथभ्रष्ट होते जा रहे हैं। ना तो युवा योग करते हैं और ना ही व्यायाम करते हैं। जिस कारण शारीरिक और मानसिक अशांति फैलती हुई है। इस योग शिविर से बच्चों के अंदर योग और आर्य समाज की जो भावना लोगों में खत्म होती जा रही है, उसको बच्चों को जानने का पहचान का और समझने का मौका मिलेगा।



जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जाजवान में चलाया जागरूकता अभियान

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जाजवान गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एमपीएचडब्ल्यू रीनू शर्मा व सुनीता कुमारी ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है, ऐसा कभी नहीं करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। यदि बेटियां ही नही होंगी तो बहुएं कहां से आएगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा, उच्च शिक्षा, भ्रूण हत्या को रोकना और लिंगानुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढने का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बन कर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है।

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर संपन्न

**नरवाना।** भारत विकास परिषद शाखा नरवाना ने तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का अंतिम दिन बड़े शानदार ढंग से मनाया। इसमें बच्चों को लगातार विभिन्न ज्ञानवर्धक शिक्षा एवं संस्कारों से अवगत कराया। वंदेमातरम् के पश्चात पूर्व अध्यक्ष रमेश वर्मा ने बच्चों को वार्मअप एक्सरसाइज व गेम्स करवाऐं। तदोपरांत जिला सह समन्वयक सुमित शर्मा ने वैदिक योग एवं वैदिक मंत्रों का बच्चों को अभ्यास करवाया। संस्कार शिविर में बच्चों को हमारे देश के अद्भुत इतिहास वीरों वीरांगनाओं व ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत करवाया गया। डॉ विनोद गुप्ता ने इतिहास के महान स्वतंत्रता सेनानी हकीकत राय और सिख गुरु तेज बहादुर सिंहए गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों पुत्रों के बलिदान को बच्चों को याद दिलाया और प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल ने विद्यार्थियों को दैनिक व्यवहार और सदाचार से अवगत करवाया। संपर्क संयोजक विशाल मित्रा ने बच्चों को तरह तरह की रीडिंग हैबिट्स के बारे जागरूक किया। कोषाध्यक्ष अमित गर्ग ,संयोजक विकास मित्तल अनंत के साथ उपस्थिति मातृशक्तियों ने शिविर कार्यक्रम की व्यवस्था बखूबी बनाई रखीं।

### शिक्षक समाज के निर्माताः बीइओ

**नरवाना।** स्थानीय राजकीय वमावि नरवाना में पांच दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण शिविरों के दसरे दिन का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना गुरमुख मोर ने किया । खंड शिक्षा अधिकारी ने स्थानीय खंड स्तरीय कार्यशाला के दौरान सभी अध्यापकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ;थ्स्छद्ध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। शिक्षा की नींव को मजबूत करने के उद्देश्य से चल रहे निपुण भारत मिशन के महत्व को विस्तार से समझाया और अध्यापकों की भूमिका को सराहनीय बताया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा के क्षेत्र प्रारंभिक कक्षाओं में विद्यार्थियों की पढने लिखने और गणना करने की क्षमता विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। उपस्थित शिक्षकों को प्रेरित करते कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं और उनके समर्पण से ही विद्यार्थी एक मजबूत भविष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं।



नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। जागरूकता अभियान चलाए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण अभियान चलाया

**जींद।** जिला जींद के दर्जनों गांव में जल संरक्षण अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत वीडब्ल्यूएससी के माध्यम से जल चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण, जल जीवन मिशन व जल सरंक्षण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला के खंड नरवाना के गांव ढाकल में सुरेंद्र, जींद ब्लॉक के बीबीपुर में खड़ समन्वयक दिनेश मालिक, सफीदो ब्लॉक में बलवान सिंह ने रत्ताखेड़ा, जुलाना में सोमलता सैनी ने अनूपगढ़ व पिल्लूखेड़ा के मोरखी गांव में सुरेंद्र दुग्गल ने अभियान चलाया है। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि लोगों को पेड़ पौधे लगाने व पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर पौधरोपण किया जाएगा।

### स्कूल में हो रही दूषित पानी की निकासी

**नरवाना।** गांव बडनपुर के कन्या मिडल स्कूल में गंदे पानी की निकासी होने के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है। कुलवंत बडनपुर ने प्रैस के माध्यम से बताया कि ग्रामीणों द्वारा बार.बार विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय चैधरी व गांव के सरपंच गगनदीप को इस समस्या का निपटारा करवाने के लिए कहा गया लेकिन प्रधानाचार्य व सरपंच दोनों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कुलवंत बडनपुर ने बताया कि अगर ऐसे ही गंदे पानी की निकासी स्कूल में होती रही तो स्कूल के बच्चें बीमार हो जाएंगे, पेड़.पौधे व पार्क सूख जाएंगे तथा विद्यालय की इमारत भी जर्जर होकर गिर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया तो इसके लिए विद्यालय प्रधानाचार्य व ग्राम पंचायत जिम्मेदार होगी।



नरवाना। स्कूल में गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि



जींद। कैंप गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का तीसरा दिन पूरी तरह रचनात्मकता और कलात्मकता के नाम रहा। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दिन की शुरुआत योग और प्रार्थना से हुई। जिससे बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा और एकाग्रता का संचार हुआ। इसके बाद आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, संगीत, सुलेख, पब्लिक स्पीकिंग और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक आरती के मार्गदर्शन में बच्चों ने आज आकर्षक पोस्टर, पेपर क्राफ्ट और रंगों से सजावटी कलाकृतियां तैयार की। बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर रचनाएं बना कर यह साबित किया कि उनके भीतर अपार कलात्मक प्रतिभा छिपी है। आरती ने कहा कि बच्चे जब रंगों और कला के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं तो वह न केवल उनकी सोच को विस्तार देती है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। समर कैंप में बच्चों का उत्साह देखकर खुशी होती है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### एनसीसी कैंप का आयोजन

**जींद।** जवाहर नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी में चल रहे एनसीसी कैंप के चौथे दिन सुबह के सत्र में आर्म्स ड्रिल की जानकारी दी गई। इसमें कैडेटों के बीच अनुशासन और समन्वय पर जोर दिया । टोपोग्राफिकल फॉर्म और तकनीकी शब्दों पर सत्र ने नेविगेशन और आउटडोर कौशल पर बहुमूल्य ज्ञान प्रदान किया। इसके बाद व्यक्तित्व विकास खंड ने आत्म जागरूकता, सहानुभूति, आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच और निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जिससे कैडेटों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस किया गया। नेतृत्व मॉड्यूल में लक्षण, संकेतक, प्रेरणा, नैतिकता और सम्मान संहिता को शामिल किया गया। जिससे कैडेट भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार हुए। साथ ही डा. एपीजे अब्दुल कलाम पर एक केस स्टडी ने कैडेटों को उनकी उल्लेखनीय जीवन कहानी और नेतृत्व सिद्धांतों से प्रेरित किया। दिन का समापन समूह चर्चा अभ्यास सत्र के साथ हुआ। एनसीसी शिविर के चौथे दिन के व्यापक कार्यक्रम का उद्देश्य मजबूत नेतृत्व कौशल, प्रेरणा, जिम्मेदारी की भावना और राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता वाले सर्वांगीण व्यक्तियों को बढ़ावा देना है।

# जींद ने योगा में जीते आठ मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता जींद के खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

खेल विभाग हरियाणा द्वारा पंचकूला में आयोजित करवाई गई राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में जींद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते आठ मेडल जीते हैं। प्रतियोगिता में सभी 22 जिलों से 650 खिलाड़ी भाग ले रहे थे। सेक्टर 3 के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में दो से चार जून तक प्रतियोगिता चली। इसमें 9 से 14 साल आयु वर्ग, 14 से 18 और 18 से 28 साल आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के बीच ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर के मुकाबले हुए। इनमें खिलाड़ी मनस्वी ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड और ट्रेडिशन में ब्रॉज मेडल जीता। स्नेहा ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड, अर्पित गर्ग ने आर्टिस्टिक सिंगल में ब्रॉज मेडल, हिमांशु और आर्यन ने रिदमिक पेयर इवेंट में ब्रॉज मेडल, पवन और निशांत ने आर्टिस्टिक में सिल्वर मेडल जीता। टीम इंचार्ज कैमिस्ट्री टीचर यशोदा आर्य, डीपी कर्ण सिंह व कोच रामपाल साथ रहे। यशोदा आर्या ने बताया कि जींद के खिलाड़ियों ने आठ मेडल जीते हैं। इनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉज मेडल शामिल हैं। मनस्वी और स्नेहा ने बेहतर प्रदर्शन किया और गोल्ड अपने नाम किए। मुख्यातिथि के रूप में खेल विभाग के डायरेक्टर संजीव वर्मा, अतिरिक्त डायरेक्टर लक्ष्मीपंत पहुंचे थे।



जुलाना। देशखेड़ा गांव में गोशाला का उद्घाटन करते महंत भुपेंद्र। फोटो :हरिभूमि

### देशखेड़ा की गोशाला का उद्घाटन

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देशखेड़ा गांव के भगवती धाम में स्थित गौशाला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महंत भुपेंद्र ने शिरकत की। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत भुपेंद्र ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। वैदिक काल से ही गाय को काफी उपयोगी पशु माना जाता है और हिंदु धर्म के अंदर तो गाय को काफी महत्व दिया जाता है। प्राचीन काल के अंदर भगवान कृष्ण भी गायों के ग्वाले के रूप मे जाने जाते हैं। जबकि महादेव के पास भी एक बैल था जिसको नंदी के नाम से जाना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि हिंदु धर्म के अंदर गायों का विशेष स्थान है।

### आधा दर्जन गांव में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से किया संवाद

# उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए मिट्टी की जांच करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। किसानों को जागरूक करते हुए कृषि वैज्ञानिक। फोटो :हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव रधाना, सिंध्वीखेड़ा व खरकरामजी गांवों में किसानों से रूबरू हुए। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के डा. धीरज पंघाल ने बताया कि किसान वर्ग के कल्याणार्थ एवं उनकी समस्याओं को जानने व उनके निदान के लिए बहुत बड़े स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। किसान और वैज्ञानिक एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां किसान वहीं वैज्ञानिक होते हैं तथा कृषि क्षेत्र में दोनों का महत्व है। इस अभियान के लिए जिले में तीन टीमें गठित की गई हैं। कार्यक्रम के तहत पहली टीम में शामिल भारतीय परिषद कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली से डा. अश्विनी कुमार, डा. भास्कर, डा. जोगेंद्र, डा. राजेश मौसम वैज्ञानिक, सुरेंद्र मित्तल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग से डा. महावीर गोदारा पशु चिकत्सक शामिल रहे। उन्होंने धान में बीजोपचार का महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि 10 लीटर पानी में 10 ग्राम कार्बेन्डाजिम व 1 ग्राम स्ट्रेप्टोसाईक्लिन घोल लें और इस घोल में 10 से 12 किलोग्राम बीज 24 घंटे तक भिगोएं। इसके बाद बीज को घोल से निकाल कर छाया में पक्के फर्श या बोरी पर ढेर के रूप में डालें व गीली बोरी से 24 से 36 घंटे तक ढक दें। समय-समय पर बीज पर पानी छिड़क कर बीज को गीला रखें ताकि अंकुरण हो सके। इस टीम ने गांव डूमरखां कलां, डूमरखा खुर्द व तरखां गावों के किसानों को जागरूक किया। उन्होंने मिट्टी व पानी की जांच करवाने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर जानकारी दी। इंजीनियर रवि ने मशीनों व कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी। इस टीम में शामिल राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो से डा. रीना अरोड़ा ने पशुओं में अनुवांशिकता संबंधित जानकारी दी। बागवानी से डा. सुरेश राणा ने बेल वाली सब्जियों को उगाने की नई तकनीकों पर बताया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. सुमित अरोड़ा ने दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों व उनकी मार्केटिंग के बारे में बताया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के ब्लॉक कृषि अधिकारी डा. रवि कादियान ने विभिन्न विभागीय स्कीमों की जानकारी दी।



जींद। नशे के खिलाफ शपथ दिलाते उपनिरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा।

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**जींद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी हरियाणा के गांव.गांव में साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में जुटे पड़े हैं। वे आज साइकिल का साधन प्रयोग करते हुए कैथल मार्ग से नरवाना और जींद पहुंचे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उचाना में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 32वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के प्राचार्य अश्वनी मलिक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। डा. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि नशे से न केवल एक मनुष्य का पतन होता है अपितु उसका पूरा परिवार इसके कारण प्रभावित होता है।

## खबर संक्षेप



### राजकीय आईटीआई में किया पौधरोपण

**कैथल।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत खंड कैथल मे पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय आईटीआई कैथल में बरगद का पेड़ लगाया गया। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए खंड युवा अधिकारी कैथल एवं नेशनल यूथ अवार्डी शमशेर सिंह मलिक व वर्ग अनुदेशक एवं खंड युवा अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि संस्थान में युवा मामलों के तहत 30 से 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज 4 जून को संस्थान में खंड सीवन व खंड कैथल के युवाओं के लिए अलग-अलग खंड स्तरीय पर्यावरण संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आज

**कैथल।** 5 जून को कैथल में विशेष निशुल्क कैंप आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें भाग लेकर मरीज या स्वस्थ व्यक्ति भी अपनी हार्ट जांच करवा सकता है। यह निशुल्क कैंप /"शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवेलपमेंट फाउंडेशन/" की तरफ से जींद रोड़ बाईपास स्थित एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र, राम ए खुश्बू डेरा, कैथल में लगाया जाएगा। कैंप में मरीजों की दिल से सबंधित सभी प्रकार की जाँच निशुल्क की जाएगी। कैंप का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

### हनुमान मंदिर में भव्य सुंदरकांड पाठ व कीर्तन

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा की ओर से जून माह का नियमित सुंदरकांड पाठ व कीर्तन का आयोजन हनुमान मंदिर, करनाल रोड में श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भजन गायक मंडली ने एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की संयोजक इंदु शर्मा पत्नी सौरव शर्मा रहीं, जिन्होंने आयोजन की हर व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संभाला। सभी परिषद सदस्यों ने मिलकर सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ किया।

### भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया

**कैथल।** भाषा सीखने के माध्यम से आपसी सम्मान,सांस्कृतिक प्रशंसा और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आज आरोही स्कूल ग्योंग में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ मनीष सिंगला के मार्गदर्शन में हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय कुमार चावला ने भारतीय भाषा समर कैंप के पहले सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत में व्यंजनों की विविधता और विविधता में एकता के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को बताया कि भारत में विभिन्न क्षेत्रीय व्यंजनों का समृद्ध इतिहास है,और ये व्यंजन देश की विविध संस्कृतियों, धर्मों और परंपराओं को दर्शाते हैं। इस पर भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यंजनों के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई।

## सफलता के पीछे प्रदेश की नायब सरकार के प्रयास काबिलेतारीफ

# गुहला-चीका: स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

- खंड गुहला में 1701 महिलाएं बनी लखपति दीदी
- महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो होगा उत्थान: एसडीएम
- गुहला में 686 स्वयं सहायता समूह, 7546 महिलाएं जुड़ी





**गुहला चीका।** अपने उत्पाद तैयार करते स्वयं सहायता समूह के सदस्य।

फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

महिला को यदि आत्म निर्भर बनना है तो उन्हें समाज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद भी कई ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने इस दकियानुसी सोच को पीछे छोड़ा है और आत्म निर्भरता की तरफ आगे कदम बढ़ाए हैं। इस सफलता के पीछे हरियाणा सरकार के प्रयास काबिले तारीफ हैं, जिनकी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है और वे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है।

यह कोई कहानी नहीं, यह हकीकत है। हम बात कर रहे हैं गांव कलरमाजरा की महिला उपासना की। उपासना ने बताया कि जब 2014 में केंद्र सरकार की तरफ से आंध्र प्रदेश से सीआरपी की टीम व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग की टीम उनके गांव कलरमाजर में पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में जुड़ने की जानकारी प्रदान की।

### समूह बनाने का कार्य चल रहा

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग के खंड समन्वयक राजेश चौहान का कहना है कि गुहला में 686 स्वयं सहायता समूह बने हुए हैं, जिनमें 7546 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इसके साथ ही 55 महिला ग्राम संगठन व तीन कलस्टर लेवल संगठन बने हुए हैं और आगे भी समूह बनाने का कार्य चल रहा है। मिशन का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र में गरीब लोगों की पहचान करना, उनको संगठित करना और अच्छी आजीविका का रास्ता दिखाना है और इसी बात को जमीनी स्तर पर यह महिला ग्रुप साकार कर रही है। महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल रहा है

उपासना का कहना है कि उन्होंने महिलाओं के इक्ट्ठे ग्रुप को समझाया तो कई बातें ग्रुप में चल रही थी कि समूह से जुड़ा जाए या नहीं। यह एक असमंजस की स्थिति थी। कभी मैं घर की आर्थिक स्थिति के बारे में सोचती थी। उनमें से कई महिलाओं का यह कहना था कि इस ग्रुप से जुड़कर कोई फायदा मिलने वाला नहीं है, बल्कि नुकसान होगा। इसके अलावा भी अन्य महिलाओं को इस ग्रुप से न जुड़ने की सलाह दी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं भी अलग-अलग परिस्थितियों में बंधी होती है, उन्हें बाहर काम करने का मनोबल उसके परिवार से मिलता है। उपासना ने जब परिवार में बात की तो पति, सास व अन्य परिवार के सदस्य समूह से जुड़ने में सहमत हो गए और उनके मनोबल को बढ़ावा दिया, तभी मुझे आगे बढ़ने का मौका मिल गया। इसके बाद मेरा बाहर निकलना, बातें करना और महिलाओं को समझाना मेरे आत्मविश्वास को सुदृढ़ करता गया। आज हरियाणा सरकार की योजनाओं के माध्यम से सीएससी व सिलाई का काम कर रही हूं। महिला ग्रुप की दुकान भी चीका मेन मार्किट में है। सीएससी से लगभग 8 से 10 हजार रुपये प्रति लाभ मिल रहा है। अब मैं आत्म निर्भर हूं। इसके अलावा इस ग्रुप में हरिगढ़ किंगन निवासी प्रकाशो देवी ड्रेस बनाना, पीड़ल से बिमला फाईल कवर व सिलाई तथा हरिगढ़ किंगन गांव की अंजू बैग बनाने का कार्य कर रही हैं। इन सभी महिलाओं का परिवार अब सुखमय जीवन जी रहा है और उनके पास हमेशा हाथ में पैसे रहते हैं। गांव चाणचक निवासी परमजीत कौर का कहना है कि जो सुकून स्वयं पैसे कमाने में है, वह किसी में नही है। हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है। इसके के लिए हमें परिवार के सदस्यों के सामने हाथ फैलाने पड़ते थे, लेकिन अब नहीं। अब हम अपना कार्य करके खुद पैसा कमा रहे हैं। मैं अनाज मंडी में अटल श्रमिक किसान कैंटीन से जुड़ी हुई हूं।

### दी जा रही आर्थिक मदद

शुरूआत में एक लाख 50 हजार रुपये, इसके बाद दो लाख रुपये तथा छह व 10 लाख रुपए तक प्रदान किए जाते हैं। विभाग से रिवोलिंग फंड के तौर पर प्रत्येक समूह को 30 हजार रुपये और सामुदायिक निवेश फंड के तौर पर 50 हजार रुपये आर्थिक मदद दी जाती है। खंड गुहला में 1701 महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया वे आत्म निर्भर बनने के लिए इन समूहों से जुड़े। समय-समय पर विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करवाया जाता है।



**कैथल।** ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

# सभी नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें: डीएसपी

- गांव कांगथली, कक्हेड़ी, भुना व सैर में युवाओं सहित आमजन को नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल को नशा मुक्त बनाने के लिए एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार कैथल पुलिस द्वारा विशेष अभियान तहत आमजन को नशा न करने बारे जागरूक किया जा रहा है। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है। नशा परिवार, समाज सहित देश के भविष्य को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है। जिला पुलिस से नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील, एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा बुधवार को गांव कांगथली, कक्हेड़ी, भुना व सैर में युवाओं सहित आमजन को नशा न करने के बारे में जागरूक किया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। डीएसपी कुलदीप ने आमजन से आह्वान करते कहा कि सभी नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें। कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# पॉलीथिन का प्रयोग न करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** दुकानदारों को जागरूक करते स्वच्छता अभियान संयोजक सुरेश चहल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका प्रशासन 21 जून तक लगातार स्वच्छता अभियान गतिमान रखेगा। लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस दौरान शहर में पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पालिका सचिव के निर्देश पर स्वच्छता अभियान संयोजक सुरेश चहल ने शहर के बाजारों में दुकानदारों को पोलिथिन इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया।

वे प्लास्टिक की बजाय कपड़े और जुट के थैलों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित कर रहे हैं। रूप रेखा अनुसार नगर पालिका अधिकारियों ने बाजारों, सब्जी मंडी, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। नगर पालिका सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा इस अभियान की मोनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पॉलीथिन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि यह जल निकासी व्यवस्था को भी बाधित करता है। इसके साथ ही यह भूमि की उर्वरता को खत्म करता है। सुरेश चहल ने पोलिथिन के वैकल्पिक उपायों की तरफ बढ़ना समय की जरूरत बताया। उन्होंने दुकानदारों को चेताया कि यदि किसी के पास पॉलीथिन का प्रयोग करते पाया गया तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### सेमिनार में 120 छात्र छात्राओं ने लिया भाग

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के दिशा निर्देश में एक और भारतीय भाषा सीखे के तहत 2 जून से 8 जून तक शिविर का आयोजन किया है। बुधवार को कला संगीत नृत्य और चित्रकला व स्थानीय चित्रकला शैलियों वस्तुओं कलाकृतियां के संदर्भ में सेमिनार का आयोजन किया । शिविर में विद्यालय की कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में विद्यालय के हिंदी प्राध्यापक सतबीर सिंह व पंजाबी प्राध्यापिका रविंद्र कौर ने शिविर का कुशल संचालन किया। इस दौरान बच्चों को कला, संगीत, नृत्य, चित्रकला विषय पर विस्तार से चर्चा की तथा बच्चों को भारतीय भाषाओं संस्कृत, हिंदी, पंजाबी में तथा सभी राज्यों के उप बोलियां मातृ भाषाओं की उपयोगिता, महत्व व भारतीय संस्कारों परंपराओं मयार्दाओं के बारे में जानकारी सांझा की।

# सीवन नपा का सफाई अभियान जारी

- सेवा दिखावे के लिए नहीं, जिम्मेदारी के लिए होनी चाहिए: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन




स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगरवासियों को जागरूक करती नगर पालिका।

सीवन को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से सीवन नगर पालिका द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीवन के मुख्य बाजार, गलियां, सार्वजनिक स्थल और नालियों की विशेष सफाई की जा रही है। नगरपालिका कर्मचारियों की ड्यूटी अतिरिक्त शिफ्टों में लगाई गई है, जिससे किसी भी क्षेत्र में कचरा जमा न हो। सफाई के साथ-साथ नगरवासियों को जागरूक करने के लिए पोस्टर, मुनादी और सामाजिक माध्यमों के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरी निष्ठा के साथ चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल फोटो खिंचवाने या दिखावे के लिए नहीं, बल्कि नगर के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। सच्ची सेवा वही होती है जो बिना प्रचार के की जाए। सचिन ने बताया कि नगर पालिका का लक्ष्य है कि सीवन को स्वच्छ नगरों की सूची में सम्मानजनक स्थान दिलाया जा सके। नगरवासियों से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। सचिव ने कहा कि जब प्रशासन और जनता मिलकर काम करें



# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**कैथल।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भारतवर्ष में ऑपरेशन सिंदूर के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला बार का भी इसमें विशेष सहयोग रहा। अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राणू अधिवक्ता ने बताया कि शिविर का उद्घाटन अशोक सिरसी प्रान्त महामंत्री, अशोक खूबड प्रान्त उपाध्यक्ष, रविन्द्र बुधवार एएजी उच्च न्यायालय पंजाब व हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा किया गया। संदीप शर्मा अध्यक्ष डीबीए कैथल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिवक्ता साथियों ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया व देश की सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दवेंद्र राणा महामंत्री, विशाल आर्य कोषाध्यक्ष, राजेश गोरसी, रमेश , सुरेंदर गोरसी प्रान्त टोली सदस्यगण, बलबीर बंसल , सचिन सचिव, धीरज, सुनील राणा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे व विशेष सहयोग दिया।

# सोंगरी गुलियाणा में किसान गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



गांव किठाना में किसान गोष्ठी के दौरान मौजूद किसान व कृषि अधिकारी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती को एक लाभकारी व्यवसाय में बदलने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत राजौंद ब्लॉक के गांव सोंगरी गुलियाणा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों,फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी दी। इस गोष्ठी में कृषि, बागवानी,पशुपालन व मत्स्य पालन जैसे विषयों को भी शामिल किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि किस प्रकार किसान मेहनत और तकनीक के मेल से खेती को लाभकारी बना सकते हैं। गोष्ठी में किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया और वैज्ञानिकों से खेती से जुड़े कई सवालों बारे जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान कृषि अधिकारीयों ने किसानों को बताया कि कौन-कौन से उन्नत बीज उनके इलाके की मिट्टी और जलवायु के अनुसार उपयुक्त हैं और कौन सी फसलें बाजार मांग के अनुसार अधिक लाभ दे सकती हैं। इस दौरान गांवों में कलर जमीन की समस्या को लेकर केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी ने विशेष समाधान बताए। इस दौरान राजौंद खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह ने कहा कि यह अभियान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनका लक्ष्य है कि शोध संस्थानों में किए गए प्रयोगों और परिणामों को खेतों तक पहुंचाया जाए, ताकि किसान तकनीक का लाभ उठाकर समृद्ध बन सकें।

इस दौरान एनडीआरआई, भारतीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान, तथा केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिकों ने बहुपयोगी सुझाव सांझा किए। इस दौरान एनडीआरआई - डॉ. विवेक शर्मा,डा.अश्वनी कुमार,प्रशांत शर्मा, पशु चिकित्सा डा.पूनम, खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह, ऋषि सोनी, दौरान प्रगतिशील किसान और सैकड़ों ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

### आज मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व: पंडित रवि दत्त

**पूंडरी।** गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। दान-पुण्य की दृष्टि से इसका विशेष महत्व होता है। पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि निर्जला एकादशी से एक दिन पहले यानी कि 5 जून को गंगा दशहरा है। इस दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष धार्मिक महत्व होता है। मान्यता के अनुसार इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से आपके सारे पापों का अंत होता है गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। एवं अपने पितरों को अर्घ्य जल देकर तर्पण करना चाहिए।

**सूचना**

मैं, रेखा रानी विधवा स्व. बलविन्द्र सिंह निवासी ग्राम वार्ड नंबर-01, पूण्डरी, तहसील पूण्डरी, जिला कैथल बयान करती हूं कि मेरा पुत्र नसीब व पुत्रवधु मलकीत मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## साइबर अपराध से बचाव बारे जागरूक करने के लिए राहगीरी प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम हुआ

# अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ बिल्कुल साझा ना करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




रोडवेज कर्मचारियों को साइबर बारे जागरूक करते कर्मचारी।

आमजन को साइबर अपराधों से बचाव बारे जागरूक करने के लिए राहगीरी प्रोग्राम तहत एसपी आस्था मोदी के मार्गदर्शन में साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड स्थित रोडवेज वर्कशॉप में रोडवेज कर्मचारियों सहित आमजन को साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई चरण सिंह, एसपीओ संदीप व होमगार्ड गगनदीप की टीम द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों बारे बताया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरते व सतर्क रहकर एडवांस पे ना करें। उन्होंने कहा कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कयोडक जिला कैथल हेतु पब्लिक हेल्थ में पानी टंकी को चलाने के लिए निम्न प्रकार से पद खाली है : 8 नंबर टंकी कठवाड वाली सड़क पर, 10 नंबर टंकी बाबा बीरबल गुलाब चौपाल के पास, 12 नंबर टंकी अनाज मंडी के पास, 13 नंबर टंकी वाल्मीकि मंदिर के पास, 14 नंबर टंकी टीक रोड और शिव मंदिर के पास टंकी, ज्वाला माता मंदिर के पास टंकी, 15 नंबर टंकी बिजली घर के पास भुडन बस्ती गयोंग रोड पर। इन सभी टंकियां को चलाने के लिए लगभग आठ पद खाली पड़े हैं। गांव में कुल 15 टयूबवेल हैं जिनमें 2 टयूबवेल डेड हो गए हैं । 13 टयूबवेल चालू होकर गांव कयोडक को पीने का पानी दे रहे हैं।

जसवीर सिंह सरपंच, ग्राम पंचायत कयोडक
मो. 83411-30000, 94168-22237

## खबर संक्षेप

### प्रताड़ना के आरोप में पति सहित 4 नामजद

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। कैथल की एक विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसकी शादी 23 जुलाई 2021 को टोहाना के साहिल के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। हर रोज की मारपीट तथा तानों से परेशान होकर वह अपने मायके लौट आई तथा पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने पति साहिल, सास गीता, ससुर रमेश सिंगला व कशिश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तनाव प्रबंधन में भ्रामरी प्राणायाम उपयोगी : दहिया

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां को लेकर कैथल शहर के प्रमुख वार्डो में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि जीवन को अगर निरोगी रखना है तो प्रतिदिन प्रातः वेला में जल्दी उठकर करके नियमित योगाभ्यास को अपनाना होगा, क्योंकि पूरा दिन लोग किसी न किसी कार्य में लगे रहते है, परन्तु अपने शरीर के लिए समय नहीं मिल पाता। तनाव प्रबंधन में अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम बहुत ही उपयोगी हैं।

### योग दिवस के लिए होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी 21 जून को 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम अतिरिक्त अनाज मंडी में आयोजित होगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयुष विभाग ने विशेष ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल और टोल-फ्री नंबर जारी किया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर लोगों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए, ताकि जन-जन तक योग का संदेश पहुंचे।

### गांव छौत में हुई मारपीट में एक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गांव छौत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव छौत के प्रह्लाद ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 22 मई को गांव के ही जोगेंद्र तथा उसके बेटे दिनेश ने मिलकर उसे पर लोहे की रोड तथा लाठियां से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की चपेट में आने से एक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गांव दिलों वाली में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव मालखेड़ी के बलवान ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 मई को जब वह गांव दिलों वाली से जा रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

# ऐसे में कैसे होगा पर्यावरण संरक्षण, जिले को हरा-भरा करने के लिए वन विभाग की कवायद तोड़ रही है दम

## कभी गर्मी तो कभी तूफान ने बिगाड़ा वन विभाग का गणित, नहीं मिल पा रहा पंचायत का सहयोग

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

भले ही वन विभाग जिले को हरा-भरा करने के कितने ही दावे करे लेकिन विभाग की यह कयावद दम तोडती नजर आ रही है। पौधारोपण को लेकर पंचायतों का उचित सहयोग भी नहीं मिल पा रहा है। तेजी से बढता शहरीकरण के कारण पेडों पर कुल्हाडी चल रही है।

वन विभाग की तरफ से हर साल अभियान चलाकर पौधे लगाए जाते हैं। इस साल के लिए जिला वन विभाग के पास पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य आया है। मानसून के बाद पौधे लगाने का अभियान शुरू कर दिया जाएगा। ये पौधे वन विभाग की अलग-अलग नर्सरी में तैयार हो चुके हैं। अलग-अलग स्कीम के तहत ये पौधे लगाए जाएंगे। इनमें 120 हेक्टेयर में सफेदे लगाए जाएंगे और एक हेक्टेयर में 1100 सफेदे लगने हैं। करीब 150 हेक्टेयर एरिया में सड़कों की साइड में पौधे लगाए जाएंगे और एक हेक्टेयर में 500 पौधे लगेंगे। करीब दस हजार पौधे स्कूलों की सहायता से लगाए जाने हैं। वन विभाग के वर्किंग प्लान के अनुसार मूल्यांकन करने के बाद करीब 12 साल के बाद पुराने वृक्षों को काटना होता है। इसमें ऐसे वृक्षों की पहचान की जाती है जो पुराने हो चुके हैं, जो पेड़ गिरने वाले हों या जिन वृक्षों के कारण कोई कार्य प्रभावित हो रहा है। इन्हें काटने के बाद नए वृक्ष भी लगाने होते हैं। जिले में ऐसा नहीं किया जा रहा है। यहां करीब 20 सालों से वृक्षों की कटाई विभाग की तरफ से नहीं करवाई गई है। आंधी में जो पेड़ गिरते हैं इनमें ज्यादातर पुराने और सूखे पेड़ होते हैं। पुराने पेड़ काटकर उनकी जगह पर नए लगाने होते हैं।



**कैथल।** राजकीय आइटीआई में पौधरोपण करते अनुदेशक व विद्यार्थी।

### हर नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे

*जिले की हर नर्सरी में करीब पांच हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। ये पौधे बरगद, पीपल, लिसोड़ा, नीम, पिलखन, कजेलिया और शीशम के हैं। इनके अलावा फलों के पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। पौधे लगाने के कार्य में शहर की विभिन्न संस्थाएं और शिक्षा विभाग भी सहयोग करेगा। वन विभाग की तरफ से पिछले साल लगाए गए पौधों की रक्षा के लिए गमले लगाए जाएंगे। इनके अलावा अगर कोई व्यक्ति वृक्षों को काटेगा तो उस पर भी जुमार्ना लगाया जाएगा।*

### तूफान ने तोड़े पौधे

बता दें कि पिछले 25 दिनों में चार बार तूफान आ चुका है और इसमें करीब दो हजार पौधे टूट चुके हैं। जो वृक्ष टूट रहे हैं उनकी लकड़ियां भी लोग उठा कर ले जाते हैं। बता दें कि जिले में इस समय सात हजार 216 हेक्टेयर वन क्षेत्र है। जिले की आबादी करीब 13 लाख है और जिले भर में करीब 12 लाख वृक्ष हैं। इनमें जिले के पांच जंगलों के वृक्षों का आंकड़ा नहीं है। विभाग की तरफ से साल 2024 में वृक्षों की गिनती करवाई गई थी। सभी पर नंबर के हिसाब से मार्किंग की गई है।

### धारा चार और पांच लागू होने से रुक सकती है कटाई

जिले में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के कई मामले सामने आ चुके हैं। कई बार किसी दूसरे विभाग के अधीन आने वाले पेड़ काट दिए जाते हैं वहां वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पाता है। वन विभाग की सामान्य धारा चार और पांच लागू हो जाए तो पेड़ों की अवैध कटाई रुक सकती है। सफेदा को छोड़कर बाकी वृक्षों को वन विभाग की अनुमति के बिना नहीं काटा जा सकता। कुछ जिलों में ये धाराएं लागू भी हो चुकी हैं। कई बार वन विभाग के कर्मचारी एरिया और दूसरे विभाग की बात कह कर कार्रवाई करने से बचते हैं।

### दम तोडती नजर आई ओक्सी वन योजना

5 जून 2021 को सीएम मनोहर लाल ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंचायती भूमि के 10 प्रतिशत पर पौधे रोपण किए जाने थे। यह योजना जिले में दम तोडती नजर आई क्योंकि अधिकतर पंचायतों के पास पौधे लगाने के लिए खाली भूमि नहीं मिली तथा न ही पंचायत इसके लिए तैयार हुई।

# पौधों को पेड़ बनाने की जिम्मेवारी सबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पेड़ पौधों का मानव जीवन बडा महत्व है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा प्राणी की सांसों की डोर पेड़ पौधों पर निर्भर है। पेड़ पौधे हमारी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ पर्यावरण संतुलन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हर किसी को मानव जीवन के लिए पेड़ व पौधों की महत्ता समझने के साथ उन्हें लगाने तथा उनकी देखभाल करनी होगी। हर वर्ष लाखों पेड़ व पौधे लगाए जाते हैं। आमजन के गंभीर न होने के कारण काफी पौधे खत्म हो जाते हैं। पेड़ व पौधों का सुरक्षित रखने का जिम्मा जितना वन विभाग का है, उससे कहीं ज्यादा आमजन का होना चाहिए। हर वर्ष पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। सड़कों तथा नहर किनारों को छोड़ कर कहीं पर हरियाली नजर नही आती। हालांकि इस साल अभीतक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। फिर भी विभाग बारिश के मौसम के मध्यनजर तैयारियों में जुटा है। जिले में फिलहाल 6869.18 हैक्टयर में पेड़ वपौधे लगे हुए हैं। वन विभाग पिछले पांच सालों के



दौरान जिले में 48 लाख 27 हजार 544 पेड़ व पौधे लगा चुका है लेकिन उनमें से 60 प्रतिशत पौधे ही पेड़ों का रूप ले पाए हैं। जबकि 40 प्रतिशत पौधे पेड़ बनने से पहले ही नष्ट हो गए हैं। विभाग ने सबसे ज्यादा पौधे वर्ष 2022-23 में लगाए थे। जिसमे कुल 12 लाख 7965 पौधे लगाए थे। वर्ष 2024-25 में 11 लाख 46 हजार 311 पौधे लगाए गए थे। वहीं लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ गंभीर होना होगा। हर साल विभाग से हजारों पौधे सस्थाए तथा अन्य लोग ले जाते हैं लेकिन वह पौधे कहां लगाएं, उनके बारे में कोई जानकारी नही होती। हालांकि वन विभाग बरसात के मौसम में हर साल पांच लाख से ज्यादा पौधे सार्वजनिक जगह जैसे श्मशान घाट, चौपाल, स्कूल, बणी के साथ अन्य पंचायती खाली पड़ी जमीन पर लगाने के लिए वितरित करता है। अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से पौधे आंबटित किए जाते हैं।

### पौधे लगाकर देखभाल करने की अपील

हर साल बरसात के मौसम में लाखों पौधे लगाए जाते हैं लेकिन बिना देखभाल के अधिकतर पौधे सूख जाते हैं या फिर पशु उन्हें नष्ट कर देते हैं। लोगों तथा सस्थाओं को चाहिए कि वह पौधे लगाने के बाद पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें। पौधों को ट्रीगार्ड लगाकर पशुओं से बचाव रखें। अपने जीवन को यादगार बनाने के लिए पौधे को गोद लेकर पेड़ बनाने में योगदान दें। वन विभाग के उपमंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने बताया कि हर साल बरसात के मौसम में लाखों पौधे लगाता है। हालांकि समय-समय पर उनकी देखभाल भी की जाती है। कोई पौधा दीमक या अन्य कारणों से सूख या नष्ट हो जात है तो उसकी जगह दूसरा पौधा लगाया जाता है। उन्होंने जिला की संस्थाओं तथा आमजन से आह्वान किया है कि पौधरोपण करने के बाद उन पौधों की देखभाल अपने परिवार की तरह करें।

# ट्यूबवेल कनेक्शन न मिलने के कारण किसान हताश व परेशान : विक्रम कसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

किसान भवन पूंडरी में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन की मासिक बैठक हुई। बैठक में युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल ने विशेष तौर पर भाग लिया। कार्यकारी अभियंता प्रदीप शयोकंद को किसानों की समस्याओं को लेकर उनके कार्यकाल पहुंच कर अवगत करवाया गया।

विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि नए ट्यूबवेल कनेक्शन न मिलने के कारण किसान हताश व परेशान हो चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से हर दिन कोई ना कोई शर्त लगाकर ट्यूबवेल कनेक्शन ना देकर किसानों को तंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों में हरियाणा सरकार ने पूरे प्रदेश में कई ब्लॉक को डार्क जोन में घोषित कर उन किसानों को, जिन्होंने ट्यूबवैल कनैक्शन को लेकर बिजली विभाग की सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है, को भी विभाग कनैक्शन देने से टरका रहे हैं।

जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल ने कहा कि नये ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए बिजली अधिकारी किसानों को मिकाडा सिंचाई विभाग के पास भेज रहे हैं और मिकाडा विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर किसानों को लूट रहे हैं। सरकार ने खेतों के लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जल्द जारी नहीं किए तो पूरे प्रदेश के किसान सड़कों पर उतरेंगे।



एसडीओ से मिलते किसान ।

# टिंकू ग्रीको रोमन स्टाइल में बना जिला केसरी

- जिला स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्जुन स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि हार-जीत खेल में एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। हार मिलने पर खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए।

खिलाड़ी को चाहिए कि वह अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करें और आगे बढ़े। कुश्ती जैसे खेल में लड़कियां भी आगे आ रही हैं, जो भविष्य के लिए अच्छे संकते हैं। अभिभावक लड़कियों को भी लड़कों के समान पढ़ाई और खेलकूद के अवसर प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में आज लड़कियां खेल के दम पर सरकारी विभागों में ऊंचे पदों पर आसीन हैं। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि बुधवार को हुई प्रतियोगिता के समापन पर बराड़ खेड़ा निवासी टिंकू को ग्रीको रोमन स्टाइल में जिला केसरी चुना गया। वहीं जींद निवासी प्रदीप फ्री स्टाइल कैटेगरी में जिला केसरी बने हैं। वहीं ग्रीको रोमन स्टाइल में विनीत जिला कुमार और निडानी अखाड़ा के अजय को फ्री स्टाइल कैटेगरी में जिला कुमार चुना गया। इसके अलावा लड़कियों की हुई प्रतियोगिता में निडानी निवासी प्रिया जिला केसरी चुनी गई और जींद निवासी महिला खिलाड़ी पुलकित दूसरे नंबर पर रही। इसके अलावा बेलरखा के हनुमान अखाड़ा की पहलवान मीनाक्षी जिला कुमारी बनी। वहीं रेलवे अखाड़ा की पहलवान सोनिया दूसरे नंबर पर रही।



**जींद।** कुश्ती प्रतियोगिता में जीत के लिए दांव-पेच लगाते हुए खिलाड़ी।

# बुनियाद केंद्रों पर पढ़ रहे विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग देगा परिवहन भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बुनियाद केंद्रों पर पढ़ रहे विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग परिवहन भत्ता देगा। 2024-26 सत्र के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बैंक खाते में यह भत्ता डाला जाएगा। जिले में पांच बुनियाद केंद्र हैं। जिसके लिए 16 लाख 68 हजार रुपये का परिवहन भत्ता मिलेगा।

बुनियाद केंद्रों पर विद्यार्थियों को 9वीं और 10वीं कक्षा में जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए तैयारी करवाई जाती है। कक्षा 11वीं में यह विद्यार्थी सुपर.100 परीक्षा देते हैं। इस परीक्षा के माध्यम से जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा के लिए दो वर्ष विद्यार्थी तैयारी करते हैं।

साथ ही विकल्प फाउंडेशन के नेतृत्व में इन विद्यार्थियों को निशुल्क पढ़ाई भी करवाई जाती है। शिक्षा विभाग बुनियाद केंद्र पर पढने के लिए आने वाले विद्यार्थी को चार रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से परिवहन भत्ता देती है। अब इन विद्यार्थियों को यह भत्ता मिलेगा। दसवीं कक्षा में पढ़ रहे जिले के 165 विद्यार्थियों को यह परिवहन भत्ता मिलेगाए जो स्कूलों के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खाते में भेजा जाएगा। इसके अलावा बुनियाद केंद्र पर पढने वाले विद्यार्थियों के लिए निशुल्क किताब और वर्दी भी मुहैया करवाई जाती है।




### जिले में ये हैं पांच बुनियाद केंद्र

1. राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना
2. राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद
3. संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों
4. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद।
5. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना।

### परिवहन भत्ते का बजट स्कूलों की ओर से विद्यार्थियों के बैंक खाते में डाला जाएगा : लोहान

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान ने बताया कि बुनियाद शिक्षा विभाग की बेहतर योजना है। इसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। बुनियाद केंद्रों पर पढने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा परिवहन भत्ता दिया जाएगा। यह बजट स्कूलों की ओर से विद्यार्थियों के बैंक खाते में डाला जाएगा। यह भत्ता दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया जाएगा।

# विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग की सुविधा देगी संस्था, एक हजार को मिलेगी जानकारी

- छह से अधिक विशेष करियर काउंसलिंग सेमिनार होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

छात्रों और युवाओं को करियर विकल्पोंए शिक्षा और जीवन के लक्ष्यों के बारे में जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के मकसद से सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन जींद जिले में छह से अधिक विशेष कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन करेगी।

राह क्लब नरवाना की महिला अध्यक्ष डा. बबीता गर्ग को इस प्रकल्प का प्रमुख व कॅरियर काउंसलर विरेन्द्र जयहिन्द को सह प्रमुख बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए राह क्लब नरवाना के अध्यक्ष प्रदीप नैन व राह कलबों जींद जिले के प्रभारी राजेश टांक ने बताया कि राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के मार्गदर्शन में ब्लॉकवार होने वाले इन कैरियर काउंसलिंग सैमीनारों में विद्यार्थियों की रुचियों योग्यताओं और मूल्यों को समझने के बाद उन्हें करियर चयन से संबंधित निर्णय लेने में सहायता की जाएगी। जिससे कि वो एक दिशा विशेष में अपना कैरियर बनाने में फोकस कर सकेंगे। राह क्लब जींद के अध्यक्ष सुनील खान ने बताया कि राह संस्था आमतौर पर जहां कैरियर काउंसलिंग सेमिनारों का आयोजन स्कूल-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में करवाती है। यदि ग्राम स्तर पर कोई इस दिशा में पहल करता है तो उन्हें विशेष सहयोग किया जाएगा।

### दसवीं के बाद स्ट्रीम चयन में मददगार

*इस दौरान दसवीं कक्षा के बाद स्ट्रीम विशेष की जानकारी से लेकर उस क्षेत्र विशेष में उपलब्ध करियर के विकल्पों की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों या बच्चों को करियर के विकल्पों एवं उनके लिए उपयोगी विकल्पों की जानकारी समय रहते मल सकराह ग्रुप फाउंडेशन के इन कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में स्कूलों को भी विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिससे कि वो अपने स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ.साथ सरकारी नौकरियां प्राप्त करने में सहायक साबित हो सके।*

# भाविप केशव शाखा के संस्कार शिविर में 60 छात्राओं ने प्रतिभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

भारत विकास परिषद केशव शाखा के तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में तीन दिवसीय संस्कार शिविर का गत दिवस समापन हुआ।

शाखा सचिव नत्थुराम गोयल व प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि भारत विकास परिषद के प्रमुख प्रकल्पों में से एक संस्कार शिविर का आयोजन है।संस्कार विहिन भौतिक विकास खोखला हैएजिसके दुष्परिणाम वर्तमान काल में विश्व झेल रहा है।इसलिए युवा पीढी का संस्कारवान होना अनिवार्य है।इस उद्देश्य से यह तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें 60 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। महिला सहभागिता संतोष जैन ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस बच्चों से परिचय हुआ व उन्हें जीवन आधारित कौशल सिखाये गये।शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने विभिन्न ललित कलाओं की प्रदर्शनी लगाईएजिसको खूब सराहना मिली।डॉक्टर संचित व डॉक्टर शोभा ने प्राथमिक चिकित्सा व प्रोफेसर शुभम वर्मा ने प्राकृतिक व आपातकालीन आपदाओं में बचाव का व्यवहारिक ज्ञान दिया।प्रांतीय संस्कार प्रमुख संजय चौधरी ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावी प्रकाश डाला।जैसवी ने अच्छे.बुरे स्पर्श की जानकारी छात्राओं को प्रदान की।



**कार्यक्रम** अटल पार्क में योग प्रशिक्षण शिविर में 450 व्यक्तियों ने किया योगाभ्यास

# शारीरिक, मानसिक व आत्मिक कल्याण के लिए योग को दैनिक जीवन में जरूर अपनाएं : डा. अनुराधा सैनी

*नप चेयरपर्सन अनुराधा सैनी बुधवार को अटल पार्क में आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर योगाभ्यास करने उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को कही। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासी अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। आयुष विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त नागरिक मोबाइल नंबर 9501131800 पर कॉल करके पंजीकरण से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक कल्याण का समन्वय करती है। यह आज वैश्विक स्तर पर स्वस्थ जीवन के प्रभावशाली साधन के रूप में स्वीकार किया जा चुका है।

नप चेयरपर्सन अनुराधा सैनी बुधवार को अटल पार्क में आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर योगाभ्यास करने उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को कही। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासी अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। आयुष विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस अवसर पर नगर परिषद के ईओ रिषिकेश चैधरी, इंजीनियर सतीश गर्ग, वाइस चेयरमैन हरीश शर्मा, सतीश हरियाणवी, सतपाल कुंडू, संजय वत्स, समाजसेवी सुनील वशिष्ठ, सेक्रेटरी सुमित दहिया व नीलम रानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

- योग वैश्विक स्तर पर स्वस्थ जीवन के प्रभावशाली साधन के रूप में स्वीकार किया जा चुका : चेयरपर्सन

### जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा

योग पारंपरिक कसरत से भिन्न होकर संतुलन, लचीलापन और मानसिक शांति को बढ़ावा देता है। जिससे व्यक्ति के दैनिक जीवन में सामंजस्य और सकारात्मकता आती है। योग का नियमित अभ्यास तनाव में कमी, हृदय स्वास्थ्य में सुधार और शारीरिक सहनशक्ति में वृद्धि जैसे लाभ प्रदान करता है। दैनिक दिनचर्या में बुनियादी योग आसनों को शामिल करने से मानसिक एकाग्रता भी सुदृढ़ होती है। इसके साथ ही जनजागरूकता अभियान चला कर आमजन को योग दिवस की गतिविधियों में भाग लेने और योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।